# संक्षिप्त रिपोर्ट

# “एक पेड़ माँ के नाम”



## केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

(पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार)
‘परिवेश भवन’
पूर्वी अर्जुन नगर, दिल्ली-110032
वेबसाइट : **http://www.cpcb.nic.in**

# <u>योगदान</u>

| | | |
|---|---|---|
| **मार्गदर्शन** | : | श्री भरत कुमार शर्मा, सदस्य सचिव |
| **रिपोर्ट का अंतिम रूप** | : | श्री एस. के. शर्मा, वैज्ञानिक 'ई' |
| **समन्वय और पर्यवेक्षण** | : | डॉ. डॉली कुलश्रेष्ठ, वैज्ञानिक 'ग' |
| **रिपोर्ट की तैयारी** | : | श्री अम्मार हुसैन लस्कर, वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक |
| **संयुक्त सी. पी. सी. बी. कार्मिक** | : | श्री दीनबंधु गौड़ा, वैज्ञानिक 'एफ़'<br>श्रीमती गरिमा शर्मा, वैज्ञानिक 'ई'<br>श्री संघ मित्तर, विभागाध्यक्ष-राजभाषा प्रभाग<br>श्रीमती पारुल राठी, वरिष्ठ अनुवादक<br>श्री राकेशआहूजा, वरिष्ठ तकनीकि पर्यवेक्षक<br>क्षेत्रीय निदेशक, बेंगलुरु<br>क्षेत्रीय निदेशक, भोपाल<br>क्षेत्रीय निदेशक, चंडीगढ़<br>क्षेत्रीय निदेशक, चेन्नई<br>क्षेत्रीय निदेशक, कोलकाता<br>क्षेत्रीय निदेशक, लखनऊ<br>क्षेत्रीय निदेशक, पुणे<br>क्षेत्रीय निदेशक, शिलांग<br>क्षेत्रीय निदेशक, वड़ोदरा<br>परियोजना प्रमुख, आगरा<br>श्री वीरेंद्र भास्कर<br>सुश्री शिवानी कक्कर |

पेड़ पौधों से हमारा पर्यावरण संरक्षित रहता है। पेड़ पौधों को प्रकृति के वायु शोधक के रूप मे संदर्भित किया जाता है । पेड़ कार्बन डाइऑक्साइड को स्वच्छ, शुद्ध ऑक्सीजन में बदलकर सांस लेने में मदद करते हैं। स्वच्छ ऑक्सीजन जारी करने के अलावा, पेड़ वातावरण से वायु प्रदूषकों और ग्रीनहाउस गैसों को हटाकर वायु की गुणवत्ता में सुधार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

पर्यावरण दिवस के अबसर पर दिनांक 05 जून, 2024 को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने **"एक पेड़ माँ के नाम"** अभियान आरंभ किया और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के 'बुद्ध जयंती पार्क' में `पीपल' का पौधा लगाकर 'X-Channel' पर अपील करते हुये लिखा "मैं भारत और दुनियाभर में सभी से अपील करता हूँ कि वे आने वाले दिनों में अपनी माँ को श्रद्धांजलि देने के लिए एक पेड़ लगाएं और पेड़ लगाते हुए अपनी एक फोटो 'Meri LiFE' पोर्टल पर साझा करें।"



उन्होंने देशवासियों को यह भी आह्वान किया कि "यह जान कर सभी को बहुत खुशी होगी कि पिछले दशक में देश ने कई सामूहिक प्रयास किए, जिनके परिणाम स्वरूप पूरे भारत में वन-क्षेत्र में वृद्धि हुई है। यह भी सराहनीय है कि इस अवसर पर स्थानीय समुदायों ने आगे आकर अग्रणी भूमिका निभाई।"

केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव जी ने भी देशवासियों से यह अपील की कि "प्रधानमंत्री मोदी जी के आह्वान के अनुसार, मरुस्थलीकरण और जैव-

विविधता की चुनौतियों से निपटने के लिए सभी को एक पेड़ लगाकर 'धरती माता' के प्रति अपना स्नेह प्रदर्शित करना चाहिए। हमें न केवल पेड़ लगाना चाहिए, बल्कि उनका संरक्षण भी करना चाहिए"।

इसी अभियान के अनुक्रम में, दिनांक 10 जुलाई, 2024 को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष श्री तन्मय कुमार जी ने केंद्रीय बोर्ड के सभी अधीनस्थ कार्यालयों व मुख्यालय स्थित सभी प्रभाग प्रमुखों की एक बैठक बुलाई, जिसमें माननीय प्रधानमंत्री जी के "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत सभी कार्मिकों को पौधा-रोपण व वृक्ष-संरक्षण की योजना के विषय मे विस्तृत जानकारी एवं उसका कार्यान्वयन करने हेतु दिशा-निदेश दिए। साथ ही, उन्होंने सर्वसंबंधितों को इस अभियान को शीघ्र कार्यान्वित करके उससे संबंधित चित्रों को `Meri LiFE' पोर्टल पर साझा करने हेतु निदेश दिया।

अध्यक्ष महोदय के निदेशानुसार, सभी क्षेत्रीय निदेशालयों ने इस अभियान के अंतर्गत पौधा-रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया और उसकी जानकारी मुख्यालय को दी, जो इस प्रकार है:

# मुख्यालय, दिल्ली

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, दिल्ली कार्यालय द्वारा दिनांक 24 अगस्त, 2024 को जैव-विविधता पार्क, तुगलकाबाद, दिल्ली में “एक पेड़ माँ के नाम” अभियान के तहत ‘पौधारोपण कार्यक्रम’ आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष श्री तन्मय कुमार जी द्वारा की गई।




इस अवसर पर, अध्यक्ष महोदय ने अपनी माताजी के नाम से एक पौधा रोपित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात, सदस्य सचिव श्री भरत कुमार शर्मा जी ने अपनी माताजी के नाम से एक पौधा रोपित किया।




इस कार्यक्रम में, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, दिल्ली कार्यालय के लगभग 240 अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया गया, जिन्होने इस शुभ अवसर पर, दिल्ली विश्वविध्यालय के प्रो. सी.आर. बाबू, जैव-विविधता पार्क, तुगलकाबाद के प्रभारी डा. विवेक चौधरी एवं श्री फयाज़ खुदसर की देखरेख में जैव-विविधता पार्क के लगभग 1 एकड़ क्षेत्र में दिल्ली की पारिस्थितिकी के अनुसार, लगभग 300 विभिन्न प्रकार के पौधे- जैसे `कुलु’, `सहजन’, `सेमल’, `ढाक’, `कृष्णकदम’, `कुसुम’, `बेर’, `खेजरी’, `अमलताश’, `कचनार’ व `हरसिंगार’ आदि रोपित किए गए।




इस अवसर पर, प्रो. सी. आर. बाबू ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष श्री तन्मय कुमार एवं सदस्य सचिव श्री भरत कुमार शर्मा सहित वहां उपस्थित केंद्रीय बोर्ड के सभी कार्मिकों को पार्क की भौगोलिक परिस्थिति,

फैलाव तथा इसमें पाई जाने वाली विभिन्न वनस्पतियों के साथ-साथ अन्य बहुत-सी जानकारियों से अवगत कराया।

प्रो. बाबू ने यह भी बताया कि यह पार्क लगभग 350 एकड़ क्षेत्रफल में फैला हुआ है और इसमें `कुलु', `सहजन', `सेमल', `ढाक', `कृष्णकदम;, `कुसुम', `बेर', `खेजरी', `अमलताश', `बिसतेन्दु', `कचनार' व `हरसिंगार' आदि के वृक्ष लगे हुए हैं, जो दिल्ली की भौगोलिक परिस्थिति में जीवित रह सकते हैं। अध्यक्ष महोदय ने वहां उपस्थित सभी व्यक्तियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें गर्व है कि आज उन्होंने न केवल इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया, बल्कि उपर्युक्त विशेषज्ञों की उपस्थिति से इस पार्क की भौगोलिक परिस्थिति तथा इसमें पाए जाने वाली विभिन्न वनस्पतियों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की।



इस अवसर पर अपने संदेश में उन्होंने कहा कि "उनके लिए इस पार्क की जैव-विविधता को देखना वास्तव में एक अद्भुत अनुभव रहा है। यहां वनस्पतियों की विविधता काफी बड़ी है। इस जैव-विविधता से समृद्ध पार्क में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत अपनी माँ और धरती माँ के नाम पर एक पेड़ लगाने से हमें प्रकृति द्वारा प्रदान की जाने वाली अपार पारिस्थितिकी सेवाओं का एहसास करने में मदद मिलेगी, जो मानव द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं से कहीं अधिक है।

"मैं प्रोफेसर सी.आर. बाबू के नेतृत्व में दिल्ली विश्वविद्यालय की टीम की सराहना करता हूँ, जिन्होंने इस पार्क के विकास में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।"

उन्होंने वहां उपस्थित केंद्रीय बोर्ड के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से यह भी कहा कि वे सभी अपने रोपित पौधे की समय-समय पर देख-रेख के लिए पार्क में आ सकते हैं। पार्क के प्रभारी डा. विवेक चौधरी ने भी अध्यक्ष महोदय को सभी रोपित पौधों की उचित देखभाल एवं सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया।



इस अवसर पर, जैव-विविधिता पार्क, तुगलकाबाद के प्रभारी, डा. विवेक चौधरी एवं श्री फयाज़ खुदसर, ने बोर्ड के अध्यक्ष श्री तन्मय कुमार तथा सदस्य सचिव श्री भरत कुमार शर्मा को एक-एक पौधा स्मृति के रूप में प्रदान किया।

कार्यालय की तरफ से, कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत पौधा रोपण करने हेतु प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए गए।

पौधा-रोपण कार्यक्रम की तस्वीरें 'Meri LiFE' पोर्टल पर अपलोड कर दी गई हैं|


#एक _पेड़ _माँ _के _नाम
#Plant4Mother

# क्षेत्रीय निदेशालय, वडोदरा

क्षेत्रीय निदेशालय, वडोदरा द्वारा दिनांक 20.07.2024 (शनिवार) को "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत वडोदरा महानगर सेवासदन द्वारा वासना रोड क्षेत्र में गोकुल पार्टी प्लॉट के समीप सुझाए गए स्थल पर पौधा-रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कार्यालय के 22 अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर सभी कार्मिकों ने 'बेलपत्र' प्रजाति के पौधों का रोपण किया।

पौधा-रोपण कार्यक्रम की तस्वीरें 'Meri LiFE' पोर्टल पर अपलोड हैं।



# क्षेत्रीय निदेशालय, कोलकाता

क्षेत्रीय निदेशालय, कोलकाता द्वारा दिनांक 22-23 जुलाई, 2024 को "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत कार्यालय प्रांगण में पौधा-रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्रीय निदेशालय, कोलकाता के सभी 35 अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर सभी कार्मिकों ने `आम' व `अमरूद' के पौधे रोपित किये।




इसके अतिरिक्त क्षेत्रीय निदेशालय, कोलकाता द्वारा मैसर्स पारादीप फॉस्फेट लिमिटेड के सहयोग से दिनांक 15 जुलाई, 2024 को जगतसिंहपुर, ओडिशा स्थित पारादीप संयन्त्र स्थल पर समूहिक पौधा-रोपण अभियान का आयोजन किया गया, जिसमे क्षेत्रीय निदेशालय कोलकाता, ओडिशा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर के अधिकारियों के साथ लगभग 100 लोगों ने भाग लिया।







इसी क्रम में, क्षेत्रीय निदेशालय, कोलकाता ने एक अन्य आयोजन 22 जुलाई, 2024 को हल्दिया नगरपालिका के सहयोग से दिघासिपुर में किया, जिसमे दोनों संस्थानों के अधिकारियों ने भाग लिया। इसमे `जरुल' व `कृष्णचुरा' के पौधे लगाए गए।

पौधा-रोपण कार्यक्रम की तस्वीरे 'Meri LiFE' पोर्टल पर अपलोड है।






# क्षेत्रीय निदेशालय, लखनऊ

क्षेत्रीय निदेशालय, लखनऊ द्वारा दिनांक 11-24 जुलाई, 2024 को "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत लखनऊ, वाराणसी, ऋषिकेश, बस्ती, बलसिंह खेड़ा, जगदीशपुर और रसूलपुर कायस्थ में पौधा-रोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर, सभी कार्मिकों ने नीम, कनेर, अमरूद, जामुन, आंवला आदि के पौधे रोपित किए।

पौधा-रोपण कार्यक्रम की तस्वीरे ‘Meri LiFE’ पोर्टल पर अपलोड है|



# क्षेत्रीय निदेशालय, भोपाल

क्षेत्रीय निदेशालय, भोपाल द्वारा दिनांक 10-23 जुलाई, 2024 के बीच "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत रतलाम, उदयपुर, कोटा, जोधपुर, जबलपुर, इंदौर, सागर, कोरबा आदि शहरों मे नगर निगम के सहयोग से `पौधा-रोपण' किया गया।

इसी क्रम में, कार्यालय की ओर से, चंदनपुरा नगर वन-क्षेत्र मे भी समूहिक पौधा-रोपण अभियान का आयोजन किया गया, जिसमे विभिन्न प्रकार के 30 पौधे रोपित किये गए।

पौधा-रोपण कार्यक्रम के तस्वीरे 'Meri LiFE' पोर्टल पर अपलोड है।



# क्षेत्रीय निदेशालय, चंडीगढ़

क्षेत्रीय निदेशालय, चंडीगढ़ द्वारा दिनांक 24 जुलाई, 2024 को "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत चंडीगढ़ के सेक्टर-39 में `ग्रेन मार्केट चौक' पर चंडीगढ़ प्रदूषण नियंत्रण समिति और वन व वन्यजीव विभाग (चंडीगढ़ प्रशासन) के संयुक्त सहयोग से `पौधा-रोपण' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने पपरि, बॉटल ब्रुश, आंवला, सिल्वर ओक, पीपल, पिलखन आदि के कुल 70 पौधे लगाए।

पौधा-रोपण कार्यक्रम की तस्वीरे 'Meri LiFE' पोर्टल पर अपलोड हैं|





# क्षेत्रीय निदेशालय, बंगलूरू

क्षेत्रीय निदेशालय, चंडीगढ़ द्वारा दिनांक 19 जुलाई, 2024 को "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत बंगलूरू मे पौधा-रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्मिकों ने आम, अमरूद, केला, सीताफल, फिकस व लाल चन्दन आदि पौधे लगाए।

पौधा-रोपण कार्यक्रम की तस्वीरे 'Meri LiFE' पोर्टल पर अपलोड हैं|



# क्षेत्रीय निदेशालय, पुणे

क्षेत्रीय निदेशालय, पुणे द्वारा दिनांक 24 जुलाई, 2024 को "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत वाजरे अर्बन फॉरेस्ट “स्मृति वन” क्षेत्र में पौधा-रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर, कार्यालय के सभी कार्मिकों ने आम, नीम, कटहल, बांस, एवं चम्पक आदि के पौधे लगाए।

पौधा-रोपण कार्यक्रम की तस्वीरे ‘Meri LiFE’ पोर्टल पर अपलोड हैं।






# क्षेत्रीय निदेशालय, चेन्नई

क्षेत्रीय निदेशालय, चेन्नई द्वारा दिनांक 20 जुलाई, 2024 को "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत मनाली-चेन्नई स्थित `चेन्नई पेट्रोलियम कॉपोरेशिन लिमिटेड' के सहयोग से अम्मूलावोयल में पौधा-रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर, कार्यालय के सभी कार्मिकों ने औषधीय महत्व के लिए प्रसिद्ध `सिमरौबा ग्लौका', `साराका असोका' एवं `मिमुसोप्स एलेंगी' के पौधे लगाए।

पौधा-रोपण कार्यक्रम की तस्वीरे 'Meri LiFE' पोर्टल पर अपलोड हैं।






# क्षेत्रीय निदेशालय, शिलांग

क्षेत्रीय निदेशालय, शिलांग द्वारा दिनांक 25 जुलाई, 2024 को "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत बीएसएनएल, सीटीओ भवन मे पौधा-रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर, कार्यालय के सभी कार्मिकों ने `अरौकरिया' प्रजाति के पौधे लगाए, जो मुख्यतः शिलांग के पहाड़ी क्षेत्रों में पाये जाते हैं।

पौधा-रोपण कार्यक्रम के तस्वीरे 'Meri LiFE' पोर्टल पर अपलोड हैं।






# परियोजना कार्यालय आगरा

परियोजना कार्यालय, आगरा द्वारा दिनांक 25 जुलाई, 2024 को "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत `नुनहाइ औधौगिक क्षेत्र' व `धौलपुर हाउस' में पौधा-रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर, कार्मिकों ने कार्यालय तथा प्रबोधन केन्द्रों पर चम्पा, अमरूद, कनेर, गुलमोहर, अनार, मनी प्लांट, तथा मोरस आदि किस्म के पौधों का रोपण किया।

पौधा-रोपण कार्यक्रम की तस्वीरे 'Meri LiFE' पोर्टल पर अपलोड हैं।





इस अभूतपूर्व अभियान के तहत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने आकाशवाणी पर प्रसारित `मन की बात' कार्यक्रम की 111 वीं कड़ी में, देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि - "दुनिया का सबसे अनमोल रिश्ता, 'माँ' का रिश्ता है। `धरती माँ' हम सबके जीवन का आधार है, इसलिए हमारा कर्तव्य है कि हम अपनी `माँ' का ख्याल रखें। यदि हम एक पेड़ अपनी माँ के नाम पर लगाते हैं, तो इससे हमारी माँ का सम्मान तो होगा ही, साथ ही धरती माँ की भी रक्षा होगी। मुझे यह देखकर बहुत खुशी है कि अपनी माँ की स्मृति में या उनके

सम्मान में पेड़ लगाने का अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऐसे प्रयास पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाने में बहुत महत्वपूर्ण योगदान देंगे।"

प्रधानमंत्री जी के उक्त आह्वान से प्रेरित होकर, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के लगभग सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने `एक पेड़ माँ के नाम' कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया, और इस अभियान के तहत विभिन्न स्थानो पर अलग-अलग प्रजातियों के लगभग 800 पौधों का रोपण किया। कुछ अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने अपने निवास-स्थान और आस पास के क्षेत्रों, पार्कों आदि में स्थानीय लोगो के सहयोग से पौधा-रोपण कर तस्वीरें साझा की।

"एक पेड़ माँ के नाम" एक आंदोलन है, जो स्वच्छ और प्रदूषण-रहित वातावरण के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को परिलक्षित करता है। पर्यावरण संरक्षण के आह्वान के साथ, सभी माताओं के प्रति, सम्मान को जोड़कर की गई यह पहल नागरिकों को एक हरित क्षेत्र बनाने में सीधे योगदान करने का तरीका प्रदान करती है। इस अभियान की सफलता इसकी सादगी और भावनात्मक अपील में निहित है, जो देश भर के लोगों को अपनी माताओं को श्रद्धांजलि के रूप में एक पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित करती है।

******